
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम ने किया कुम्भ क्षेत्र का निरीक्षण स्थायी निर्माण कार्यों का लिया जायजा

## निर्माण कार्यों को शीघ्रता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न कराने के दिये निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून/हरिद्वार। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शुक्रवार को हरिद्वार में महाकुम्भ 2021 के सफल आयोजन के दृष्टिगत सम्पादित किये जा रहे निर्माण कार्यो एवं कुम्भ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। कुम्भ के लिये किये जा रहे स्थाई कार्यो के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। कुम्भ कार्यों के प्रति किसी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने बैरागी कैम्प से कनखल को जोड़ने वाले पुल, जलनिगम की पेयजल आई बेल के निरीक्षण के दौरान इसे उपयोगी बताया। उन्होंने गौरी शंकर क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। इस क्षेत्र को पूर्व कुम्भ मेलों की तुलना में अधिक विस्तृत एवं व्यवस्थित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेले में आने वाले सन्त महात्माओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत गौरीशंकर क्षेत्र में सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाये तथा स्नान घाटों के निर्माण के निर्देश दिये।



हरिद्वार में कुम्भ क्षेत्र का निरीक्षण करते सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पिछले कुम्भ मेला की तुलना में इस बार अधिक क्षेत्रफल चिन्हित किया गया है। कुम्भ मेला का आयोजन सुव्यवस्थित एवं निर्विवादित ढ़ंग से सम्पन्न हो इसके लिये मेला प्रशासन, जिला प्रशासन एवं अखाड़ा परिषद् से आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश उन्होंने मेलाधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर सन्तोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि नवम्बर तक सभी निर्माण कार्यों को निश्चित रूप से पूर्ण करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि की परम्परा के अनुरूप आगामी कुम्भ मेले को भव्य रूप से आयोजित किये जाने का हमारा लक्ष्य है, इसके लिये सभी से सहयोग की भी उन्होंने अपेक्षा की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने भूमानन्द निकेतन क्षेत्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने भूमानन्द निकेतन आश्रम में स्वामी अचुयतानंद से भेंट कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महासचिव हरी गिरी महाराज ने कुम्भ मेले के सफल आयोजन के लिये मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिये सहयोग का भी आश्वासन मुख्यमंत्री को दिया।

इस अवसर पर नगर विकास मंत्री मदन कौशिक, सचिव शहरी विभाग शैलेश बगोली, मेलाधिकारी दीपक रावत, मेला आई जी संजय गुंज्याल के साथ ही अन्य प्रमुख सन्त महात्मा एवं कुम्भ मेले से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### रास बिहारी बोस सुभारती विवि में कोरोना वायरस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**(संवाददाता)** देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना वायरस के प्रति जनजागरूकता अभियान के अर्न्तगत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारम्भ में उपस्थित सभी सुभारती परिवार सदस्यों ने विगत वर्ष पुलवामा म ेंहुए शहीदों के लिए मौन रख शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीदेवसुमन सुभारती मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जीवन आशा ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया कि कोरोना वायरस दुनिया के कई देशों में महामारी बन कर फैल चुका है, सुभारती अस्पताल के प्रत्येक स्टॉफ को कोरोना वायरस से बचने के अनेकों उपाय बताएँ गए।

### समाजसेवी मधु जैन को विशिष्ट महिला सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त की

**(संवाददाता)** देहरादून। भारतीय जैन मिलन के 15 राष्ट्रीय जैन महिला सम्मेलन सागर मध्यप्रदेश में उत्तराखंड प्रदेश की वरिष्ठ समाजसेवी मधु जैन को विशिष्ट महिला सम्मान मिलने पर भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन नरेश चंद जैन ने कहा कि हमे गर्व ही नहीं अपितु फक्र है कि हमारे उत्तराखंड प्रदेश की महिला मधु जैन को जो विशिष्ट महिला सम्मान मिला है। वह संपूर्ण जैन समाज, भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या 14 के सभी पदाधिकारियों को मिला है हमे उन पर गर्व है। इससे समस्त जैन समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### परमार्थ निकेतन में पुलवामा में शहीद हुये जवानों की याद में रोपित किये पौधे

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में पुलवामा में शहीद हुये जांबाज जवानों को गंगा के तट पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमारों और श्रद्धालुओं ने विश्व शान्ति यज्ञ में आहुति समर्पित कर जांबाजों की शहादत को नमन किया। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में पुलवामा हमले में शहीद हुये 40 जांबाज जवानों की शहादत को याद करते हुये ऋषिकुमारों ने पौधों का रोपण कर भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आज पूरे विश्व को शान्ति की जरूरत हैय सब शान्ति चाहते है ताकि राष्ट्रों की सीमाओं पर फिर किसी भी माँ को अपना बेटा न खोना पड़े। विगत वर्ष पुलवामा में हुआ अटैक केवल पुलवामा पर नहीं था बल्कि प्रत्येक भारतवासी के दिल पर था।

## बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के आधिकारिक वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की डायरी एवं कैलेंडर का भी विमोचन किया। वेब पोर्टल का निर्माण एनआईसी द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री ने निदेशक एनआईसी के. नारायणन को पोर्टल में चारधाम यात्रा से सम्बन्धित अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की आधिकारिक वेबसाइट होने से अब देश और दुनिया के किसी भी कोने से उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन प्रसाद थपलियाल, उपाध्यक्ष अशोक खत्री, सीईओ बीडी सिंह, निदेशक एनआईसी के नारायणन सहित मंदिर समिति के सदस्य एवं एनआईसी के अधिकारी उपस्थित थे।



वेब पोर्टल का शुभारंभ करते सीएम।

# सहकारिता मंत्री ने लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरित करने के दिये निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की। डॉ. रावत ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए पंडित दीनदयाल कृषक ऋणयोजना के तहत निधारित किये गये लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरित करने के निर्देश दिये तथा जिन जनपदों में ऋण वितरण की प्रगति निम्न है, उनसे निम्न प्रगति का स्प्टीकरण प्राप्त करते हुए ऋण प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

उन्होंने प्रत्येक गांव में भौगोलिक स्थिति और स्थानीय उत्पाद के अनुसार अनिवार्य रूप से 2–2 महिला समूहों का गठन करते हुए बिना ऋण वाली स्किम का लाभ दिलवाने को भी निर्देशित किया गया। उन्होंने जिन जनपदों में ऋण वसूली की प्रगति निम्न है उसमें तत्काल सुधार करें, तथा एन.पी.ए को भी कम करने के यथोचित प्रयास करने के निर्देश दिये।

**एनपीए को भी कम करने के यथोचित प्रयास करने के निर्देश**

मंत्री ने सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण करने के कार्य को तेजी से सम्पादित करने, जिन समितियों के भवनध्कार्यालय जीणक्षीर्ण अवस्था में हैं उसमें आवश्यक सुधार करने और प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक–एक समिति का गठन करने के निर्देश दिये तथा जहां पर एक से अधिक समिति कार्यरत है तो उनको आपस में मर्ज करते हुए एक ही समिति को अस्तित्व में रखने की बात कही।

उन्होंने विभाग और सहकारी संस्थाओं में रिक्त पदों की भर्ती के लिए तत्काल अधियाचन प्रेषित करने, शासन स्तर पर लम्बित पैक्स नियमावली के निर्माण में तेजी लाने के लिए जरूरी पहल करने तथा विभागीय संरचना को बेहतर बनाने के लिए जरूरी होमवर्क करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर निबन्धक सहकारिता ईरा उप्रेती व आनन्द शुक्ला, उप निबंधक नीरज बेलवाल, एम.पी. त्रिपाठी एवं रमेंन्द्री मद्रवाल आदि मौजूद थे।

## बरसी पर पुलवामा शहीदों को याद किया

**(संवाददाता)**। देहरादून। पुलवामा आतंकी हमले की प्रथम बरसी के अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित शहीद स्थल डाकरा में अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किये। विधायक जोशी ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी हमले से केन्द्रीय रिजर्ब पुलिस फोर्स के 40 जवानों ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे।

उन्होनें बताया कि उत्तराखण्ड का जवान भी इस हमले में शहीद हुआ था और वह शहीद के परिवार से मिलने और उनकी सहायता करने के लिए शहीद के पैतृक निवास गये थे। विधायक जोशी ने कहा कि अमर शहीदों की याद में देश का प्रत्येक व्यक्ति गमगीन है और देश की जनता शहीदों के हर सुख–दुख में उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, राज्यमंत्री टीडी भूटिया, विष्णु गुप्ता, वंदना बिष्ट, अनुराग सिंह, सभासद मेघा भट्ट, आदि उपस्थित रहे।